भारतीय रिजर्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार व्हील्स ईएमआई प्राइवेट लिमिटेड ["कंपनी"] द्वारा विशेष उल्लेख खाते ("SMA") या गैर-निष्पादित परिसंपत्ति ("NPA") के रूप में ऋण खाते का वर्गीकरण

ऋण खाते का विशेष उल्लेख खातों (**"SMA"**)/गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (**"NPA"**) के रूप में वर्गीकरण उस अवधि पर निर्भर करता है जिसके लिए मूल घटक और/या ब्याज घटक सहित कोई भी भुगतान उधारकर्ता से अतिदेय रहता है। इस संबंध में, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि राशि को तब अतिदेय माना जाएगा, यदि ऋण के लिए निर्धारित तिथि पर इसका भुगतान नहीं किया जाता है।

यदि ऋण समझौते के अनुसार विनिदष्ट/अधिसूचित नियत तिथि को या उससे पहले ऋण के नियमों और शर्तों के अनुसार मूल घटक और/या ब्याज घटक और/या किसी भी लागू देय राशि का भुगतान करने में चूक होती है, तो ऐसे अतिदेय ऋण खाते के साथ-साथ उधारकर्ता द्वारा कंपनी से लिए गए अन्य सभी ऋण/क्रेडिट सुविधाओं को SMA या NPA के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जैसा किआरबीआई नियमों के अनुसार, नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है।

अतिदेय अवधि	वर्गीकरण
30 दिनों तक	SMA-0
30 दिन से अधिक और 60 दिन तक	SMA-1
60 दिन से अधिक और 90 दिन तक	SMA-2
90 दिनों से अधिक	NPA*

*** NPA के रूप में वर्गीकृत खातों का उन्नयन (अपग्रेडेशन)** - NPA के रूप में वर्गीकृत होने के बाद ऋण खाते को मानक के रूप में तभी उन्नत (अपग्रेड) किया जा सकता है, जब उधारकर्ता द्वारा मूलधन, ब्याज और किसी अन्य बकाया राशि का भुगतान किया जाता है।

आसान संदर्भ के लिए उधारकर्ताओं के खाते को SMA/NPA के रूप में वर्गीकृत करने के लिए उदाहरण *(यहां उल्लिखित सभी तिथियां केवल उदाहरण उद्देश्य के लिए हैं)- यदि ऋण खाते के पुनर्भुगतान की देय तिथि 08 अप्रैल, 202X है और दिन के अंत की प्रक्रिया चलने से पहले कंपनी द्वारा भुगतान प्राप्त नहीं किया जाता है, तो सांकेतिक SMA/NPA वर्गीकरण निम्नानुसार होगा:*

मूलधन/ब्याज/किसी अन्य राशि की अतिदेय अवधि	***SMA/NPA वर्गीकरण श्रेणी***	***SMA/NPA वर्गीकरण तिथि #***
30 दिनों तक	SMA-0	*अप्रैल 08, 202X*
30 दिनों से अधिक और 60 दिनों तक	SMA-1	*मई 08, 202X*
60 दिनों से अधिक और 90 दिनों तक	SMA-2	*जून 07, 202X*
90 दिनों से अधिक	NPA	*जुलाई 07, 202X*

*NPA की तारीख उस कैलेंडर तिथि के दिन के अंत में ऋण खाते की परिसंपत्ति वर्गीकरण स्थिति को प्रतिबिंबित करेगी।*

यदि ऋण खाते की देय तिथि 08 अप्रैल, 202X है, और इस तारीख को या उससे पहले कंपनी द्वारा पूर्ण बकाया राशि प्राप्त नहीं की जाती है, तो अतिदेय की तारीख 08 अप्रैल, 202X होगी और इस खाते को ***SMA-0 के रूप में टैग*** *किया जाएगा।*

यदि ऋण खाता अतिदेय रहता है, तो इस खाते को 08 मई, 202X को, यानी लगातार अतिदेय होने के 30 दिन पूरे होने पर, ***SMA -1 के रूप में टैग*** *किया जाएगा। तदनुसार, उस खाते के लिए SMA -1 वर्गीकरण की तारीख 08 मई, 202X होगी।*

यदि ऋण खाता अतिदेय रहता है, तो इसे 07 जून, 202X को, यानी लगातार अतिदेय होने के 60 दिन पूरे होने पर, ***SMA -2 के रूप में टैग*** *किया जाएगा। तदनुसार, उस खाते के लिए SMA -2 वर्गीकरण की तारीख 07 जून, 202X होगी।*
इसी तरह, यदि ऋण खाता आगे भी अतिदेय बना रहता है, तो इसे 07 जुलाई, 202X को दिन के अंत की प्रक्रिया चलने पर ***NPA*** *के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।*

प्राप्त किया, पढ़ा और समझ लिया